Seventeenth Loksabha

>

Title: Request to open the portal of Social and Economic Caste Census (SECC) for the people of BPL to avail the benefits for social welfare schemes.

श्रीमती शताब्दी राय (बनर्जी) (बीरभूम): अध्यक्ष जी, आप हैं, इसलिए हमें बोलने का मौका मिल रहा है । मैं एसईसीसी सर्वे के बारे में बोलना चाहती हूं । सभी सरकारें गरीब लोगों को सोशल सपोर्ट देना चाहती हैं, लेकिन यह कार्य बीपीएल कार्ड के जरिये ही हो सकता है । यदि जरूरतमंद लोगों का बीपीएल कार्ड न बन पाए, तो फिर किसी प्रकार की सुविधा चाहे मेडिकल हो, फिजिकल हो या फाइनेंशियल हो, किसी प्रकार की सहायता इन लोगों को नहीं मिल पाती है । जैसे वर्ष 2011 में यह पोर्टल खुला था, जिसके अंतर्गत प्रधान मंत्री आवास योजना के तहत घर भी मिलते थे, उस समय बहुत लोगों को फायदा हुआ था । आज 2019 में उन लोगों का ही नाम आ रहा है, जिनके बीपीएल कार्ड बने हुए हैं और जो लोग डिज़र्व करते हैं, उन्हें इन योजनाओं का लाभ नहीं मिल रहा है । मैं आपके माध्यम से रिक्वेस्ट करना चाहती हूं कि यदि एसईसीसी यह पोर्टल फिर से खोल दे, तो डिज़र्विंग फैमिलीज का नाम बीपीएल में आ जाए, तो सभी योजनाओं का लाभ उन्हें मिल सकेगा ।

माननीय अध्यक्ष : श्री कुलदीप राय शर्मा को श्रीमती शताब्दी राय द्वारा उठाए गए विषय के साथ संबद्ध करने की अनुमति प्रदान की जाती है ।